Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of by pass in the Antara and Chitrakoot Municipal Corporations

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): सभापति महोदय, मर्यादा पुरुषोतम राम जी की नगरी चित्रकूट जहां पर 12 साल भगवान राम जी ने तपस्या की थी । वहां से गुजरने वाली एनएच-35 झांसी, बांदा, अतर्रा, चित्रकूट, प्रयागराज से वाराणसी तक जाती है । उस मार्ग में अतर्रा और चित्रकूट दो ऐसी नगरपालिकाएं हैं, जहां यह मार्ग अंदर से गुजर कर जाता है और वहां जाम की स्थिति बनी रहती है । माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदियत्यनाथ जी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को उसी मार्ग में जोड़ दिया है, जिससे वहां और ज्यादा जाम हो जाता है । मेरा आपसे आग्रह है कि अतर्रा और चित्रकुट नगरपालिकाओं में बायपास बनाकर जाम से निजात दिलाएं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।